दिन–गुरूवार दिनांक– 29 / 08 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

केन्द्र सरकार ने संघ लोक सेवा आयोग–यूपीएससी को स्वैच्छिक आधार पर उम्मीदवारों की पहचान प्रमाणित करने के लिए आधार आधारित सत्यापन की अनुमति दे दी है। पंजीकरण के समय और परीक्षाओं और भर्ती के विभिन्न चरणों के दौरान यह सत्यापन किया जा सकता है। यह निर्णय पूजा खेडकर की अंतरिम उम्मीदवारी को रद्द करने और फर्जी पहचान दिखाकर सिविल सेवा परीक्षा में निर्धारित संख्या से अधिक प्रयास करने के लिए उन्हें भविष्य की सभी परीक्षाओं से वंचित करने के बाद आया है।

———————————————————————

महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचन्द की जयंती आज राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनायी जा रही है। राष्ट्र हॉकी के जादूगर ध्यानचन्द को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुये कहा कि खेलों को समर्थन देने और अधिक से अधिक युवाओं को खेल और प्रतिभा प्रदर्शन में सहयोग देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि यह, सभी खेलप्रेमी और देश के लिए खेलने वाले खिलाडियों की सराहना का अवसर है।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर नालंदा जिले के राजगीर में राज्य खेल अकादमी और बिहार खेल विश्वविद्यालय का उद्घाटन करेंगे। अकादमी में विभिन्न खेलों से जुड़े खिलाड़ियों के उच्चकोटि के प्रशिक्षण की व्यवस्था की गयी है। साथ ही विभिन्न खेलों के लिए स्टेडियम बनाये गये हैं। श्री कुमार इस मौके पर राज्य के नौ अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को सम्मानित भी करेंगे। उद्घाटन समारोह के दौरान एशियाई खेल विजेता भारतीय हॉकी टीम एक प्रदर्शनी मैच खेलेगी।

———————————————————————

मौसम विभाग ने अगले दो से तीन घंटों के दौरान नालंदा, मुंगेर और दरभंगा जिले के कुछ भागों में मेघगर्जन, वज्रपात और बारिश का अलर्ट जारी किया है।

———————————————————————

राज्य के विभिन्न भागों में मानसून की गतिविधि कमजोर पड़ गयी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान गया, नवादा, औरंगाबाद समेत राज्य के दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–मध्य भागों में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम स्तर की वर्षा दर्ज की गयी। गया

के मानपुर में सबसे अधिक छियालीस दशमलव दो मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गयी। वहीं, अन्य स्थानों पर उमस भरी गर्मी की स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के दक्षिणी भागों में कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा की सम्भावना है।

—————————————————————————

नेपाल और पड़ोसी राज्यों में हो रही बारिश के कारण गंगा, सोन, पुनपुन और बूढ़ी गंडक नदी के जलस्तर में कई स्थानों पर बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा नदी का जलस्तर बक्सर में बढ़ा है जबकि अन्य स्थानों पर स्थिर बना हुआ है। सोन नदी का जलस्तर रोहतास के इन्द्रपुरी में बढ़ रहा है। वहीं, पुनपुन नदी पटना के श्रीपालपुर में खतरे के निशान से लगभग बीस सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। गंडक नदी का जलस्तर गोपालगंज के डुमरिया घाट में लाल निशान से ऊपर बना हुआ है। इधर, बूढ़ी गंडक नदी खगड़िया में और बागमती नदी मुजफ्फरपुर के बेनीबाद में खतरे के निशान से ऊपर है। कोसी नदी का जलस्तर खगड़िया के बलतारा और कटिहार के कुर्सेला में लाल निशान से ऊपर दर्ज किया गया है।

—————————————————————————

पश्चिमी नेपाल में लगातार बारिश के कारण बुधाबागार क्षेत्र में भूस्खलन की घटना हुई है। इसके कारण सड़क आवागमन बाधित हो गया है। धनगढी से बाजुरा के बीच चल रही यात्री बसों समेत अन्य वाहन रूक गये हैं। करनाली राजमार्ग पर भी वाहनों का आवागमन रोक दिया गया है। इस वर्ष दस जून से नेपाल के विभिन्न भागों में मानसूनी वर्षा के कारण बाढ़ और भूस्खलन की आपदाओं में दो सौ दस लोगों की मौत हुई है।

—————————————————————————

बक्सर के जिला कृषि पदाधिकारी ने उर्वरक प्रतिष्ठानों की जांच के दौरान उर्वरक की बिक्री में अनियमितता पाये जाने पर तीन प्रतिष्ठानों का लाईसेंस रद्द कर दिया है।

—————————————————————————

गोपालगंज जिले में एचआईवी पॉजिटिव मरीजों की संख्या प्रत्येक वर्ष बढ़ रही है। सदर अस्पताल से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार इस वर्ष अब तक तीन सौ बारह मरीज एचआईवी संक्रमित पाये गये हैं।

—————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।